Std. IV . Hindi Lit.

L - 11.

तितली रानी ! मेरी दोस्त

शब्दार्थ

आकर्षक -- मन को लुभानेवाली

खोखली -- जिसके अंदर का भाग  खाली हो

वक्ष -- छाती

उदर -- पेट

प्रारंभ -- शुरुआत

आवरण -- खोल

प्रश्न और उत्तर

प्रश्न 1.तितली फूलों पर क्यों मँडराती रहती है?

उत्तर --  तितली फूलों का रस चूसने के लिए फूलों पर मँडराती रहती है।

प्रश्न 2. कैटरपिलर लार्वा क्या है ?

उत्तर -- तितली के अंडे से निकले जंतु को कैटरपिलर कहते हैं । यह रेंग - रेंग कर चलता है ।

प्रश्न 3. तितली एंटीना की मदद से क्या करती है ?

उत्तर -- तितली एंटीना की मदद से वस्तुओं की गंध का पता लगाती है ।

प्रश्न 4. आमतौर पर तितली का औसत जीवन कितना होता है ?

उत्तर - आमतौर पर तितली का औसत जीवन दो से तीन सप्ताह का होता है ।

प्रश्न 5. तितली का मुख्य भोजन क्या है ?

उत्तर -- तितली का मुख्य भोजन फूलों का रस है परंतु कैटरपिलर लार्वा पौधों की पत्तियाँ खाकर बड़ा होता है।

प्रश्न 6. 'प्रोवोसिस' क्या है ?

उत्तर - तितली के मुँह में घड़ी के स्प्रिंग की तरह खोखली लंबी सूँड़नुमा जीभ होती है , जिसे 'प्रोवोसिस" कहा जाता है । इसकी मदद से ही वह फूलों का रस चूसती है ।

प्रश्न 7. तितली में किसकी अद्भुत क्षमता होती है ?

उत्तर - तितली में देखने , सूँघने , स्वाद चखने और उड़ने के अलावा जगह को पहचानने की अद्भुत क्षमता होती है ।

प्रश्न 8. वयस्क तितली वापस अपने पेड़ पर क्यों आती होगी ?सोचकर लिखिए ।

उत्तर - वयस्क तितली वापस अपने पेड़ पर अंडे देने आती है ।

प्रश्न 9 तितली फूलों का रस कैसे चूसती है ?

उत्तर - तितली फूलों का रस 'प्रोवोसिस' नामक जीभ से चूसती है।

प्रश्न 10. कैटरपिलर कैसे बड़ा होता है ?

उत्तर -- कैटरपिलर पौधों की पत्तियाँ खाकर बड़ा होता है।

प्रश्न 11. तितली के शरीर के कौन - से तीन मुख्य भाग हैं ?

उत्तर -- तितली के शरीर के तीन मुख्य भाग हैं -- सिर, वक्ष और उदर।

भाषा संसार

प्रश्न 1.सही वर्ण पर अनुस्वार (-ं--)या अनुनासिक( -ँ-) लगाकर शब्द पूरे कीजिए ।

अडा -- अंडा

सूड़ -- सूँड़

अदर -- अंदर

मडराना -- मँडराना

रग -- रंग

सूघना -- सूँघना

प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन रुप लिखिए ।

तितली -- तितलियाँ

पत्ती -- पत्तियाँ

रानी -- रानियाँ

घड़ी -- घड़ियाँ

अंडा -- अंडे

पौधा -- पौधे

तना -- तने

बच्चा -- बच्चे

प्रश्न 3.दिए गए शब्दों के समान अर्थ वाले दो - दो शब्द लिखिए ।

फूल -- पुष्प , सुमन

दोस्त -- मित्र , सखा

सुंदर -- प्यारा , अच्छा

पत्ता -- पात , पर्ण